जागरण

सौ रुपये की नकली नोट देकर मोबाइल शॉप से खरीद लिए 84 हजार के फोन

Publish Date:Wed, 26 Dec 2018 04:38 PM (IST)

पटना में बुधवार को शातिर ने एक दुकानदार को 84 हजार का चूना लगा दिया। शातिर सौ रुपये की नकली नोट लेकर दुकान पहुंचा और कई कीमती फोन खरीद कर चंपत हो गया।

पटना, जेएनएन। सरकार द्वारा जारी की गई सौ रुपये की नई नोट अगर अचानक आपको मिल जाए तो भ्रम की स्थिति पैदा हो जाती है कि नोट असली है या नकली। अभी भी बहुत से लोग हैं जिन्होंने नई सौ रुपये की नोट देखी ही नहीं है। अब नया मामला नकली नोट को पकडऩे को लेकर आ गया है। इसी क्रम में बुधवार को पटना पुलिस ने भी नकली नोट पकड़ी है। करीब 84 हजार रुपये इसकी कीमत आंकी गई है। मामला पटना के कदमकुआं इलाके का है।

जानकारी के मुताबिक लोहानीपुर में संजीव कुमार की मोबाइल की दुकान है। बुधवार को दोपहर में रक्सौल का रहने वाला जावेद शमीम संजीव की दुकान पर आया और मोबाइल खरीदने की एवज में सौ-सौ रुपये की नोट में 84 हजार रुपये थमा दिए। 84 हजार रुपये देकर उसने कई फोन संजीव की दुकान से खरीदे। आरोपित के जाने के बाद जब संजीव ने नोट चेक की तो सभी नकली निकली। जिसपर पीड़ित ने कदमकुआं थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस शिकायत दर्ज कर छानबीन करने में जुट गई है।

Posted By: **Akshay Pandey**

Source: https://www.jagran.com/bihar/patna-city-84-thousand-rupees-phones-purchase-from-mobile-shop-by-giving-counterfeit-notes-of-100-rupees-18789393.html